कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्याः–        /1जी– FP/UK/ROAD/26820/2017 देहरादूनः दिनांकः 17 अक्टूबर, 2018

सेवा में,

सचिव,
वन एवं पर्यावरण अनुभाग–4,
उत्तराखण्ड शासन।

विषयः– जनपद– ऊधमसिंह नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–74 के किमी0 239 (सिरसामोड) कैंप रोड़ से शक्ति फार्म तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 14.856 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन।

**(Online file no - FP/UK/ROAD/26820/2017)**

महोदय,

उपरोक्त विषयक वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव शासन को ऑनलाइन प्रेषित किया गया है। उक्त प्रस्ताव की हार्ड कापी विशेष पत्र वाहक के माध्यम से संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। अतः जनहित में प्रस्ताव सैद्धान्तिक स्वीकृति हेतु भारत सरकार को प्रेषित करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार**

भवदीय,

(मनोज चन्द्रन)
मुख्य वन संरक्षक

संख्या 1071 /1जी– **FP/UK/ROAD/26820/2017** तददिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक (के ईपी), भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, देहरादून को प्रस्ताव की प्रति एवं पत्र TO TC तक।
1. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
2. मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊँ।
3. वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।
4. जिलाधिकारी, जनपद–ऊधमसिंह नगर।
5. प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी।
6. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड / ए0डी0बी0, लो0नि0वि0, रूद्रपुर।

(मनोज चन्द्रन)
मुख्य वन संरक्षक

(नोडल अधिकारी अथवा प्रधान मुख्य वन संरक्षक अथवा अध्यक्ष, वन विभाग द्वारा भरे जाने के लिये)

परियोजना का नामः– जनपद–ऊधमसिंह नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–74 के किमी0 239 (सिरसामोड) कैंप रोड़ से शक्ति फार्म तक मोटर मार्ग हेतु 14.856 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन। **FP/UK/ROAD/26820/2017**

**टिप्पणी के साथ प्रस्ताव को स्वीकार करने या अन्यथा के लिये राज्य वन विभाग की विस्तृत राय और निर्दिष्ट सिफारिशें। (राय देते समय, सम्बन्धित वन संरक्षक अथवा उप वन संरक्षक की प्रतिकूल टिप्पणी की सुस्पष्ट समीक्षा की जाय और विवेचनात्मक टिप्पणी दी जाय):**

उपरोक्त योजना हेतु तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी में 14.856 हे0 आरक्षित वन भूमि का हस्तान्तरण प्रस्तावित है जिसका अवलोकन करने पर पाया गया कि उपरोक्त परियोजना हेतु वन भूमि का सम्मिलित होना अनिवार्य है। प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी तथा वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, हल्द्वानी द्वारा भी प्रस्ताव पर अपनी संस्तुति की गई है। अतः **जनपद–ऊधमसिंह नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–74 के किमी0 239 (सिरसामोड) कैंप रोड़ से शक्ति फार्म तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 14.856 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन** प्रस्ताव को स्वीकृति हेतु भारत सरकार को प्रेषित करने की संस्तुति की जाती है।

हस्ताक्षरः
नाम व पदनामः (मनोज चन्द्रन, भा.व.से.)
मुख्य वन संरक्षक,
एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड।

सरकारी मोहरः
तिथि : 17/10/2018
स्थान : देहरादून